खबर संक्षेप

## छात्रों में अध्ययन एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करने इंस्पायर योजना

**कटनी।** केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा इंस्पायर अवार्ड मानक योजना युवाओं में किया गया एक ऐसा निवेश है, जो विज्ञान के अध्ययन एवं अनुसंधान को विकसित करता है। इसका उद्देश्य बच्चों में विज्ञान का बीज बोना, उसका पोषण करना, उन्हें प्रोत्साहित करना, रुचि बढ़ाना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना है। स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से इंस्पायर अवार्ड मानक योजना प्रदेश के सभी शासकीय तथा अशासकीय माध्यमिक हाई स्कूल, उच्चतर माध्यमिक विज्ञान, अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय (सेंट्रल स्कूल), नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल एवं केन्द्र सरकार के अन्य विद्यालयों में लागू है। योजना में कक्षा-6 से 10वीं तक नियमित अध्ययनरत विद्यार्थी पुरस्कार के लिये पात्र होते हैं। इस कार्यक्रम के जरिये देशभर के 5 लाख विद्यालयों के स्कूली बच्चों प्रत्येक विद्यालय से दो सर्वश्रेष्ठ विचार के मान से लगभग 10 लाख नवाचारों को प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश के करीब 62 हजार 124 विद्यार्थियों के आइडियाज भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड किये गये।

## 6 सितंबर तक यूजी और पीजी के लिए विशेष सीएलसी चरण

**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय,अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में, शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये, स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए ₹पहले आओ-पहले पाओ₹ के आधार पर 6 सितंबर तक विशेष सीएलसी चरण होगा। स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए, यह प्रवेश का अंतिम चरण है। समस्त प्रवेश ₹पहले आओ-पहले पाओ₹ के आधार पर प्रदान किए जायेंगे और यह सुविधा केवल रिक्त सीटों के लिए ही होगी। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थी के लॉगिन एवं महाविद्यालय के लॉगिन पर प्रदर्शित होंगी। पंजीकृत विद्यार्थी सम्बंधित महाविद्यालय में सीधे प्रवेश शुल्क जमा करके प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी जिस महाविद्यालय में प्रवेश चाहते हैं, वहां सीट रिक्त होने पर सीधे महाविद्यालय पहुँच कर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी, प्रवेश के विषय में समस्त जानकारी अथवा अन्य किसी समस्या के लिए संबंधित महाविद्यालय के हैल्प सेंटर पर संपर्क कर सकते हैं। नवीन पंजीकृत विद्यार्थी, केवल एक महाविद्यालय में पंजीयन करा सकेंगे। विद्यार्थी सम्बंधित महाविद्यालय के हैल्प सेंटर पर वेरिफिकेशन के बाद, शुल्क जमा कर उसी दिन प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। मेजर, माइनर के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की पात्रता, विश्वविद्यालय अपने स्तर पर निर्धारित कर सकेंगे। समस्त सम्बंधित प्राचार्यों को विश्वविद्यालय से समन्वय कर इनके पात्रता निर्धारण की कार्यवाही करनी होगी।

### बाकल थाना क्षेत्र में कोटवार की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

# कोटवार का नाती दोस्त की पत्नी को लेकर हो गया फरार, पता नहीं बताया तो पिता व पुत्र ने मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बाकल थाना क्षेत्र में कोटवार की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित पिता एवं पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 24 घन्टे में अंधे हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, अनुभागीय पुलिस अधीक्षक स्लीमनाबाद श्रीमति आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बाकल प्रतीक्षा सिंह चंदेल के नेतृत्व में की गई।

प्रेसवार्ता में एएसपी डॉ संतोष डेहरिया ने बताया कि 30 अगस्त को सूचनाकर्ता राजेश लोधी पिता अंतर सिंह लोधी की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। सूचनाकर्ता ने बताया कि ग्राम चनपुरा में गणेश पंडाल के बाजू बने आंगनवाड़ी आरोग्य केंद्र में ग्राम कोटवार 60 वर्षीय सीताराम वंशकार की लाश मिली है। थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ घटना स्थल पहुंची जहां मृतक के शरीर में घसीटने के निशान व शरीर में नीलापन होने से मृतक की मृत्यु पर संदेह हुआ। मृतक सीताराम का परिवार जबलपुर होने से परिवार के कोई सदस्य नहीं मिले।

पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की मगर कोई सफलता नहीं मिली कि कोटवार की मृत्यु कैसे हुई। पुलिस ने परस्थिति जन्य व घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर मुखबिर तंत्र व साइबर की मदद से संदेहियों के बारे में पता किया। शव को पीएम हेतु बहोरीबंद अस्पताल भेजा गया जहां पीएम कराया गया जहां मृतक के आंतरिक शरीर में चोट, खून के धब्बे, रीढ़ की हड्डी टूटना पाए जाने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 31 अगस्त को थाना बाकल में धारा 103 बीएनएसे हत्या का मामला दर्ज कर संदेहियों की तलाश शुरू की गई।

मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कोटवार की मृत्यु से एक दिन पहले गांव के मनीष पटेल व उसके पिता अमर सिंह पटेल से कोटवार का वाद विवाद हुआ है। संदेही मनीष पटेल को घर से उठाया गया। सबूत के आधार पर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया लेकिन पिता का नाम नहीं बताया। घटना स्थल से अन्य सबूत पाए जाने से पिता अमर सिंह को जिला पन्ना से लाया गया।

आरोपितों की गिरफ्तारी में थाना बाकल प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट अखिलेश प्यासी, प्रधान आरक्षक शिव सिंह, प्रधान आरक्षक अवधेश मिश्रा, आरक्षक राजभान, सूरलाल, अंकित अन्य स्टाफ साइबर सेल आरक्षक प्रशांत की भूमिका निभाई।

### नाती की करतूत ने छीन ली दादा की जिंदगी

पृथक से पूछताछ करने पर बेटे मनीष लोधी और अमर सिंह ने कोटवार सीताराम के साथ मारपीट करना स्वीकार किया। आरोपित ने बताया कि मेरा दोस्त जीवन वंशकार जो कोटवार सीताराम वंशकार का नाती है साथ में रहता था। मेरा अच्छा दोस्त था, मेरे घर आता जाता था। रक्षाबंधन के दूसरे दिन कजलियां पर्व के दिन मेरी पत्नी को लेकर कहीं भाग गया जिसको मैं बहुत दिन से ढूंढ रहा हूं लेकिन नहीं मिल रहा है। कोटवार सीताराम भी नहीं बता रहा था। दिनांक 29/08/25 को भी हमारा विवाद इसी बात को लेकर हुआ जहां मनीष पटेल और पिता अमर सिंह पटेल ने कोटवार को उसके कमरे के दरवाजे को लात से मार कर खोला जिससे कोटवार को आंख में लगी और जमीन पर गिर गया, घटना स्थल के दरवाजे पर आरोपी के पैर के निशान पाए गए, कोटवार को हाथ पकड़ घसीटा जिससे शरीर में घसीट के निशान है और बाहर सीसी रोड में निकालकर मारा जहां कोटवार की हाथ घड़ी टूटी मिली थी। पिता अमर सिंह ने बांस के बेत से मारा जिससे वो टूट गई थी जो घटना स्थल से प्राप्त हुई थी। बाद में हाथ मुक्के से उसके दाहिने कमर में मारा जिससे पसली टूटी हुई थी । मनीष पटेल घर में छुपा बैठा था व अमर सिंह अपने ससुराल जिला पन्ना भाग गया था जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बदमाशों ने कार सवार से जेवरात व नकदी लूटे

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अमराडार के समीप बीती रात भोपाल निवासी एक कार सवार को लिफ्ट मांगने के बहाने तीन अज्ञात बदमाशों ने चाकू अड़ाकर लूट लिया। घटना की जानकारी लगने के बाद कुठला पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मूलतः कटरा हिल्स भोपाल निवासी फिलहाल पन्ना में इंद्रपुरी कॉलोनी में रहकर ठेकेदारी का काम करते हैं। 31 अगस्त की रात लगभग 11:30 बजे वे अपनी कार से कटनी से पन्ना की ओर जा रहे थे। इस दौरान कुठला थाना क्षेत्र के अमराडार के समीप सड़क किनारे कार खड़ी करके लघुशंका के लिए उतरे। इसी बीच तीन अज्ञात युवक उनके पास आए और कार में लिफ्ट मांगने लगे। जब उन्होंने लिफ्ट देने से मना किया तो बदमाशों ने चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए उनसे एक मोबाइल, एक सोने की चैन, दो सोने की अंगूठी और पर्स में रखे लगभग 8 हजार रुपए नगद लूट लिए और चंपत हो गए। पुलिस ने लूटपाट का शिकार हुए कार सवार ठेकेदार की शिकायत के आधार पर तीनों अज्ञात लुटेरों के खिलाफ धारा 309 (4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

*पर्वराज पर्युषण के अवसर पर जैन बोर्डिंग हाउस में कार्यक्रमों का आयोजन*

## विकारी भावों को अंदर से हटाएं एवं प्रभु के लिए समर्पण भावना रखें : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जैन बोर्डिंग हाउस परिसर में पर्वराज पर्यूषण पर्व के अवसर पर आचार्य शांतिसागर विद्या संस्कार केन्द्र पाठशाला के नन्हे-मुन्नें बच्चों द्वारा धार्मिक नाटक प्रस्तुत किये गये जिसकी उपस्थितजनों ने सराहना की कार्यक्रम का संचालन मंजू दीदी, रूची दीदी द्वारा किया गया। दिग.जैन सोशल गुरप मैन द्वारा भजन प्रतियोगिता का अनूठा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसका संचालन संजय सिंघई एवं ब्रजेश जैन द्वारा किया गया। चातुर्मास समिति के संयोजक द्वय सिंघई पंचम जैन,अरविन्द्र जैन ने शांतिधारा करने का सौभाग्य सि. पदम कुमार विन्नी जैन पीयूष एवं सिंघई मनोज कुमार अंकित जैन लल्लन परिवार को प्राप्त हुआ। अर्घ चढ़ाने का सौभाग्य, हाउसिंग बोर्ड पाठशाला की शिक्षिकाओं एवं बालकों द्वारा तथा दिग.जैन सोशल ग्रुप रायल के सदस्यों द्वारा किया गया। महावीर कीर्ति स्तभ में विश्व शांति हेतु युवाओं द्वारा 24 घंटे का णामोकार महामंत्र का अखण्ड पाठ रखा गया।

इस अवसर पर प.पू.श्री 108 पदम सागर जी महाराज ने पर्व के 5 वें दिवस उत्तम सत्यधर्म पर चर्चा करते हुये कहां कि उत्तम सत्यधर्म वाणी तक सीमित नहीं है वाणी तो सिर्फ माध्यम है परन्तु सत्य तो आत्मा के भावों में होता है। मुनिश्री ने आगे कहा कि सत्य को धारण करने के लिये परिग्रह को छोड़ना पड़ेगा क्यों कि परिग्रह को इकटठा करने के लिए तरह-तरह का झूठ बोलना पड़ता है। उन्होने ने आगे कहां कि विकारी भावों को अपने अंदर से हटाये एवं अपनी आत्मा की साधना करें एवं प्रभु के लिये समर्पण भावना रखे तभी आपका कल्याण संभव है।

## जन शिक्षा केन्द्र स्लीमनाबाद में हुआ शैक्षिक संवाद



जनपद शिक्षा केंद्र बहोरीबंद अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र स्लीमनाबाद में शैक्षिक संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें कक्षा तीन से पांच ओर 6 से 8 पढ़ाने वाले शिक्षक शामिल हुए। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रशांत मिश्रा ने कहा कि संवाद का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की नवीन शिक्षण पद्धति एवं कक्षा प्रबंधन तकनीक से अवगत कराना था जिससे बच्चों को किस प्रकार नवीन तकनीक के माध्यम से एवं कक्षा प्रबंधन प्रणाली किस प्रकार तय की जाये, ताकि बच्चों की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हो सके। संकुल प्राचार्य डी के ठाकुर, जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी, अखिलेश पांडेय ने उपस्थित सभी शिक्षकों को शैक्षिक संवाद की गतिविधियों से अवगत कराया। कक्षा प्रबंधन में अनुपात, शिक्षक संदर्शिका का उपयोग, नवाचार की भूमिका, शिक्षक बच्चों की नियमितता आदि बिंदुओं को साझा कर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाले प्राथमिक – माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## गांव गांव में आबाद है शराब की अवैध पैकारियां, जिम्मेदार जानकर भी मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



बरही नगर व ग्रामीण अंचलों में आबकारी नियमों को ताक में रखकर गांव गांव शराब का अवैध कारोबार हो रहा है। बरही क्षेत्र के गांवों में शराब का अवैध व्यापार खुलेआम फल-फूल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि दर्जनों गांवों में देशी व अंग्रेजी शराब खुलेआम बिक रही हैं। ग्रामीणों का कहना है की ठेकेदार के गुर्गे टू-व्हीलर व फोर व्हीलर वाहनों में शराब की पेटियां रखकर दिन दहाड़े गांव गांव पहुंचाते हैं। अवैध व्यापार को रोकने ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की पर जिम्मेदार अवैध कारोबार को रोकने में नाकाम साबित हुए। बरही क्षेत्र में शराब का अवैध कारोबार जिम्मेदारों का खुला संरक्षण में कई वर्षों से फल फूल रहा है इस ओर कोई ध्यान नहीं देता। शिकायत होने के बाद जिम्मेदारों के द्वारा कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है जिससे शराब माफिया के हौंसले बुलंद हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि नशे से युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। महिलाओं को घर से निकलना हो गया है। मुश्किल गली चौराहों में पियक्कड़ों का लगा रहता है। नशेड़ियों के जमावड़ा लगा रहता है जिससे वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। खितौली में पुरानी शराब दुकान में पैकारी चल रही जबकि शराब की नई दुकान खितौली में बरही रोड रहवासी क्षेत्र में संचालित है।

क्षेत्र के छिदिंहा टोला, करौंदी खुर्द, बिचपुरा, ददरा, करौंदी कला, कुंआ, सलैया सिहोरा, बुजबुजा, झिरिया, बरनमोहगवां, हदरहटा, करेला, खितौली, बम्हौरी, जगुआ, हर्रवाह, डोकरिया, धवैया, कोठियां मोहगवां, केवलारी सहित कई गांवों में शराब का अवैध व्यापार चल रहा है। दिन दहाड़े शराब की खेप गांव पहुंचाई जाती है। जिम्मेदार जानकर अनजान बने हैं तथा कार्यवाही नहीं करते।

*प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने पर भाजपाजनों में आक्रोश*

## भाजपा ने रैली निकाल किया प्रदर्शन, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का पुतला जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का पुतला फूंका। महिला मोर्चा के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। राहुल गांधी मुर्दाबाद तेजस्वी यादव मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ता राहुल गांधी, तेजस्वी यादव की अर्थी रैली लेकर कचहरी चौक से मोहन टाकीज रोड, सुभाष चौक होते हुए रैली के रूप में अहिंसा तिराहे पहुंचे यहां दोनों नेताओं का पुतला फूंका।

जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। गत दिवस बिहार में राहुल गांधी, तेजस्वी यादव के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माँ के लिए कहे गए अपशब्द क्षम्य नहीं हैं इसे लेकर तीव्र आंदोलन किया गया।

विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि स्वस्थ परम्परा से इतर अब कांग्रेस भाषाई मर्यादा भी लांघ रही है। महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने कहा कि कभी महिला को शराब पीने वाला बताना ओर अब प्रधानमंत्री की मां को गाली यह कांग्रेस की स्तरहीन राजनीति है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन ने कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस के ही संस्कार हैं जिसमे महिलाओं का अपमान छिपा है जो निरन्तर उजागर हो रहा है।

आज तक किसी कांग्रेस नेता ने इस कृत्य पर माफी भी नहीं मांगी। संचालन कर रही महिला मोर्चा प्रभारी सुश्री अंकिता तिवारी ने कहा कि जन्म देने वाली मां के प्रति जो शब्द कहे गए वह लोकतंत्र के इतिहास में काला धब्बा है। पूरे देश मे इसे लेकर आक्रोश है। पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन ने कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस और राजद जैसे राजनीतिक दलों के संस्कार है जिसमे 140 करोड़ जनता के प्रधानमंत्री और उनकी स्वर्गीय मातुश्री के लिए सार्वजनिक मंच से अपशब्द कहे जाते हैं। पूरी दुनिया ने देखा किस तरह राहुल तेजस्वी की सभा मे माइक से अपशब्द कहे गए।

इस दौरान पीतांबर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, सीमा जैन सोगानी, सुरेश सोनी, रामचन्द्र तिवारी, भंवर सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

### बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत 27 हजार से अधिक हुए थे आवेदन

# लाडली बहना कर रही पक्के आवास का इंतजार, आवेदन लेकर भूल गए जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



लाडली बहनों को पक्का मकान देने के लिए सरकार ने लाडली बहना आवास योजना की भी घोषणा की। विधानसभा चुनाव के पूर्व किया गया भाजपा सरकार का यह वादा अभी तक पूरा नहीं हो सका है जिस कारण जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्रामीण अंचल में रहने वाली 27 हजार से अधिक लाड़ली बहना को अपने लिए आवास का इंतजार है। ये वो महिलाएं है, जिन्होंने सितंबर 2023 में लाड़ली बहना आवास योजना की शुरूआत होने के बाद जनपद क्षेत्र में शामिल पंचायतों में आवेदन दिए थे। शासन के आदेश थे तो पंचायतों ने आवेदन तो ले लिए, लेकिन इसके बाद से अब तक योजना में कोई गति नहीं हुई है। महिलाओं का मानना है कि सरकार चुनाव बाद इस घोषणा को भूल चुकी है।

बहोरीबंद जनपद अंतर्गत 27 हजार 657 महिलाओं ने इस योजना में आवेदन दिया था। ये आवेदन उन महिलाओं ने दिया था, जो आवासहीन महिलाएं है व स्वयं के लिए मकान के लिए चक्कर काट रही है। लाड़ली बहना आवास योजना विधानसभा चुनाव के बाद अब खटाई मैं पड़ती नजर आ रही है। जिन आवासहीन महिलाओं ने पंचायत के माध्यम से आवेदन किए थे, उनकी उम्मीद भी अब दम तोड़ती नजर आ रही है।क्योंकि विधानसभा चुनाव के सालभर हो गए है। लाड़ली बहना आवास को लेकर कोई भी जानकारी शासन स्तर से ग्राम पंचायतों को नही मिली है।

महिलाएं ग्राम पंचायतों के चक्कर लगा रही है और सचिवों से आवास योजना मैं नाम आने के जानकारी पूछ रही है लेकिन जब सचिवों के द्वारा बतलाया जा रहा है की अभी नाम नही आया तो उन्हे खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। आवेदन करने वाली लाडली बहनों ने बताया कि मकान की सुविधा को लेकर आवेदन किया था ।अब तक आवेदन के बाद कोई सूचना तक नहीं दी। तब से अब तक ग्राम पंचायतों मैं जितनी बार जाकर सवाल करते है, कोई सही से जवाब तक नहीं देता है। डेढ़ साल बाद भी महिलाएं योजना की राशि का इंतजार कर रही है।

जनपद के अधिकारियों के अनुसार बहोरीबंद जनपद मैं बड़ी तादाद में पहली बार आवास के लिए 27 हजार 657 आवेदन प्राप्त हुए थे। योजना की गतिविधि सुस्त पड़ गई है, उससे अब लोगों की आवासहीन महिलाओं की उम्मीद भी समाप्त होने लगी है।

### योजना को लेकर ये था खास

-लाड़ली बहना आवास योजना में राज्य सरकार जरूरतमंद महिलाओं को पक्के घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता।
-लाड़ली बहनों को मकान बनाने के लिए मिलते 1 लाख 30 हजार रूपये।
-पात्र महिलाओं को यह राशि तीन किस्तों मे होती जारी!
- पहली किस्त के रूप में 25 हजार रुपए,दूसरी किस्त में 85 हजार रूपए और तीसरी व अंतिम किस्त में 20 हजार रुपए।

### अक्टूबर तक भरे थे आवेदन

इस योजना में उन महिलाओं को आवास मिलना है, जो अंचल में रहती है व स्वयं के पास कोई आवास नहीं है। पंचायतों में ही लाडली आवास योजना का लाभ महिलाओं को दिया जाना है। इसके लिए इसके लिए योजना की शुरूआत 17 सितंबर 2023 को हुई व 5 अक्टूबर 2023 तक आवेदन लिए।

अधिकारियों का कहना है कि जिन लोगों के पास कच्चा मकान या आवास नहीं है, उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा। हालांकि बताया जा रहा है कि बजट के अभाव मे योजना अटकी पड़ी हुई है।

### इनका कहना है

ब्लाक समन्वयक पीएम आवास योजना अखिलेश वर्मा का कहना है कि मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना में नियम अनुसार पंजीयन किए। पंजीयन के बाद अब हमे शासन से इसके लिए गाइड लाइन का इंतजार है।जैसे शासन स्तर से कोई दिशा निर्देश आते है अमल किया जाएगा।

## दुराचार के आरोपित को आरएफी ने ट्रेन से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक बालिका के साथ घिनौनी करतूत करने के बाद ट्रेन से फरार हो रहे आरोपित को आरपीएफ ने दबोच लिया है। आरोपित एक 7 वर्ष की बच्ची के साथ दुराचार करने के बाद सिंगरौली इंटरसिटी से भाग रहा था। जानकारी के मुताबिक 19 वर्षीय राजेंद्र साहू ने बच्ची को बहला फुसलाकर कर उसके साथ दुराचार किया। उसके बाद वह स्टेशन पहुंचा जहां से पुलिस से बचने के लिए सिंगरौली इंटरसिटी में वह भाग रहा था। इस घटना के संबंध में सरई थाना पुलिस द्वारा न्यू कटनी जंक्शन आरपीएफ को पूरे मामले की सूचना दी गई। आरपीएफ ने बताया कि न्यू कटनी जंक्शन में जैसे ही इंटरसिटी पहुंची तो आरपीएफ द्वारा हर कोच में उसकी तलाश की जा रही थी, इसी दौरान उसकी नजर पुलिस पर पड़ी तो वह खड़ी गाड़ी में बाथरूम में जाकर घुस गया और अंदर से दरवाजा बंद कर कपड़े बदल रहा था। आरपीएफ को इस मामले की सूचना मिलते ही कोच में सवार यात्रियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया की बाथरूम में एक युवक घुसा हुआ है। आरपीएफ द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद जब बाथरूम का दरवाजा खुलवाया गया तो आरोपी वहां कपड़े बदलता हुआ मिला। जिसे बाद में आरपीएफ ने अपनी गिरफ्त में लेकर उसके विरुद्ध प्रारंभिक कार्रवाई कर संबंधित थाना पुलिस को इस मामले की सूचना दी गई। कार्रवाई में आरपीएफ एनकेजे पोस्ट प्रभारी महेश चंद्र मीणा, एएसआई महेश मिश्रा, सुरेंद्र यादव, आरक्षक ओम नारायण सिंह, मनोज यादव, मनोज कुर्मी की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### जिला स्तरीय एकल प्रतियोगिता आयोजित

**बड़वारा।** जिला स्तरीय सामूहिक एवं एकल प्रतियोगिता ग्राम भारती कटनी के तत्वाधान में आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा में रविवार को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह विधानसभा क्षेत्र बड़वारा, जनपद उपाध्यक्ष बड़वारा रामसेवक दुबे, अध्यक्ष अशोक सोनी, केशव शिक्षा समिति सदस्य ,विशिष्ट अतिथि अशोक भगोरिया व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर कटनी। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र पांडे सचिव ग्राम भारती कटनी । श्रीयुगी नारायण मिश्रा पूर्व प्रांत प्रमुख, पुरूषोत्तम माली प्राचार्य, अंशुल सोनी संयोजक , संतोष कुमार दुबे भूतपूर्व सैनिक, विनय नागवंशी सह सचिव , अनुराग गुप्ता उपाध्यक्ष पूर्व छात्र ,ओमकार सिंह सह कोषाध्यक्ष, वीरभद्र दुबे, राजेन्द्र खंडेलवाल, राकेश अग्रवाल,थाना प्रभारी के .के पटेल, राजेश कुमार दुबे प्रधानाचार्य बड़वारा, दिलीप चतुर्वेदी सह समन्वयक , नारेन्द्र गौतम जिला समन्वयक एवं समस्त संकुल प्रमुख रामलाल नामदेव ,राकेश निगम ,मनीष दुबे ,संध्या सोनी, शीलू कोरी, प्रिया निगम ,सोनाली सोनी, डाली सिंह ,संदीप बर्मन ,समा परवीन। खो खो प्रतियोगिता में विजेता रहे बड़वारा के भैया और बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

### आजाद अतिथि शिक्षक संघ का कार्यक्रम 5 को

**स्लीमनाबाद।** आजाद अतिथि शिक्षक ब्लॉक बहोरीबंद की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मरही माता मंदिर आयोजित हुई जहाँ जिलाध्यक्ष मोती सिंह राजपूत की उपस्थिति में बहोरीबंद आजाद अतिथि शिक्षक संघ का ब्लॉक अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा ओर पुनीता शुक्ला को ब्लॉक उपाध्यक्ष सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। साथ ही जिलाध्यक्ष मोती सिंह ने अतिथि शिक्षकों से कहा कि 5 सितंबर 2025 शिक्षक दिवस के अवसर पर राजधानी भोपाल में आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ के तत्वाधान में गुरु दक्षिणा महोत्सव कार्यक्रम है जहाँ अधिक से अधिक संख्या मै अतिथि शिक्षकों को शामिल होना है।

### जिले में अब तक 928.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से सोमवार 1 सितंबर तक कुल 928.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1215.5 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 897.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 3.5 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 997.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1215.5 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 864 मिलीमीटर, बरही तहसील में 820 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 811.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 811.5 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1049.9 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 856.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### 'सिद्ध गणेश माटी गणेश' अभियान के तहत कार्यक्रम

**कटनी।** जन अभियान परिषद के सौजन्य से 'सिद्ध गणेश, माटी गणेश' अभियान के अंतर्गत विकासखंड रीठी के ग्राम सेमरा में मिट्टी के गणेश प्रतिमा का निर्माण किया गया एवं सीएमसीएलडीपी के छात्रों द्वारा विधि विधान के साथ प्रतिमा स्थापित की गई। इस मौके पर मंगल भजन, गीत एवं आरती के साथ भोग प्रसाद लगाया गया तथा छात्रों द्वारा महाराष्ट्र वेशभूषा धारण कर विशेष नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक जगन सिंह मसराम ने पूजा की एवं परामर्शदाता रूपा बर्मन के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया। समस्त छात्रों ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु योगदान देने का संदेश दिया।

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की दी हिदायत

# शिकायत फोर्स क्लोज करने पर जताई नाराजगी, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान समय-सीमा पत्रों, सीएम हेल्पलाइन, खाद की उपलब्धता, मूँग व उड़द उपार्जन एवं भुगतान, छात्रावासों में प्रवेश सहित विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित हो और नॉन अटेंडेंट वाले विभागों के अधिकारियों के वेतन काटने की कार्यवाही निरंतर जारी रखें। साथ ही अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को जनता की समस्याओं को प्राथमिकता और पूरी संवेदनशीलता के साथ निपटारे की हिदायत देते हुये जनसुनवाई एवं लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचने वाले आवेदकों को नियमानुसार पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड और राशन योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने समग्र ई-केवाईसी कार्य में नगर निगम को और अधिक प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही डुप्लीकेट समग्र डिलीट करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने नवपदस्थ संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल को हाई रिस्क गर्भवती माताओं एवं सर्पदंश से मृत्यु के मामलों की समीक्षा के नजरिये से सीएमएचओ के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

### अतिक्रमण की शिकायतों पर करें कार्यवाही

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने गैरतलाई और जुजावल में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद के दौरान प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बिजली, पानी, पीएम आवास, अवैध कब्जे से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध कब्जे से संबंधित शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने सभी एसडीएम को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी तहसीलदार सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक न्यायालयीन कार्यों के बाद, सीएम हेल्पलाइन, पीएम किसान योजना, फसल गिरदावरी का कार्य पूरा करें और अपने क्षेत्र में आयोजित लोक सुनवाई कार्यक्रम के दौरान अवश्य उपस्थित रहें।

कलेक्टर श्री यादव ने सभी विभागों को आदि कर्मयोगी अभियान के तहत शामिल सभी 199 गाँवों की सूची अद्यतन करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को शासन की सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ जनजातीय वर्ग के लोगों तक पहुँचाने के लिए कार्ययोजना बनाकर चयनित ग्रामों का निरंतर दौरा भ्रमण करने के निर्देश दिए।

### लंबित शिकायतों का करें निराकरण

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान, कलेक्टर श्री यादव ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शिकायतों का संतुष्टिपूर्व निराकरण सुनिश्चित करें और ए ग्रेड में आने का प्रयास करें। उन्होंने मत्स्य विभाग को सीएम हेल्पलाइन शिकायत फोर्स क्लोज करने पर गहन नाराजगी जाहिर करते हुये मत्स्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिकता के साथ 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेट एवरेज से कम रैंक वाले विभागों को रैंक में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए।

### किसानों को प्राथमिकता से दिलाएं यूरिया

बैठक में उर्वरक की समीक्षा के दौरान उप संचालक कृषि ने जानकारी दी कि जिले में वर्तमान में 1580 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि जिन किसानों ने अभी तक एक बार भी यूरिया नहीं लिया है, उन्हें प्राथमिकता से यूरिया दिलवाएं। साथ ही निजी स्टॉक की भी जानकारी रखें। मूँग उपार्जन भुगतान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में अब तक किसानों को 90.63 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने शेष किसानों का भुगतान भी शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने 15 सितंबर से शुरू हो रहे धान पंजीयन पर एसडीएम और जिला आपूर्ति अधिकारी को साप्ताहिक बैठक कर पंजीकरण और सत्यापन का कार्य सही ढंग से तय समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### रिक्त सीटों पर बच्चों को दिलाए प्रवेश

कलेक्टर श्री यादव ने जनजातीय छात्रावासों और आश्रम शालाओं में नामांकन की समीक्षा करते हुये छात्रावासों की रिक्त सीटों पर आसपास के स्कूलों के बच्चों को प्रवेश दिलवाकर जल्द 100 प्रतिशत नामांकन पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई विभाग को सभी छात्रावासों में पानी की जांच कर जल स्त्रोतों का क्लोरीनीकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग को सभी छात्रावासों में भोजन की गुणवत्ता की नियमित आकस्मिक जाँच करने और सीएमएचओ को नियमित स्वास्थ्य कैंप लगाकर बच्चों के हेल्थ चेकअप कराने की हिदायित दी।

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने कृषि अभियांत्रिकी विभाग को नरवाई प्रबंधन के तहत हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर मशीनों के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इसके लिए उद्योग विभाग, कोऑपरेटिव सोसायटी, जनपद सीईओ, सरपंच एवं सचिव को इसका मैदानी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, जनपद पंचायत के सीईओ, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास डॉ. आर के सोनी, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला श्रम अधिकारी केबी मिश्रा, परियोजना अधिकारी मृगेन्द्र सिंह सहित अन्य जिलाधिकारी मौजूद रहे।

*कलेक्टर द्वारा पंचायत स्तर पर सुनी जा रही ग्रामीणों की समस्याएं*

# ग्राम पंचायत घुघरा में लोक सुनवाई सह जनसंवाद का आयोजन 4 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए लोक सुनवाई का तीसरा चरण शुरू हो रहा है। इसके तहत ज़िले का पहला कार्यक्रम गुरुवार 4 सितंबर को शाम 5 बजे से जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में आयोजित होगा। जहां कलेक्टर श्री यादव स्वयं मौजूद रहकर, लोगों से रू-ब-रू होंगें। जिले के अलग-अलग स्थानों में कुल 12 लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होंगे। कलेक्टर ने सभी के लिए दिन, तिथि और समय घोषित कर दिया है।

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री यादव सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी, एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर श्री यादव ने सभी की उपस्थिति के लिए विधिवत निर्देश भी जारी कर दिया है।

जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की टीम द्वारा आम जनता के बीच ग्राम पंचायत तक पहुंच कर उनकी समस्याएं और शिकायतें जानने की पहल कर्मठ सुशासन की नजीर है। यह पहल करने वाला कटनी प्रदेश का पहला जिला होगा, जहां के कलेक्टर सहित जिला अधिकारी गांव में जाकर लोगों का दुःख-दर्द जानेंगे।

जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में 4 सितंबर को पहली लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के बाद जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत अमरगढ़ में गुरूवार 11 सितंबर को दूसरी लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार गुरूवार 18 सितंबर को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत कुआं में, गुरूवार 25 सितंबर को जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत धरवारा में, गुरुवार 9 अक्टूबर को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत पिलौंजी में, गुरूवार 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत देवराकलां में, गुरुवार 23 अक्टूबर को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में और गुरुवार 30 अक्टूबर को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत किरहाई पिपरिया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा गुरुवार 6 नवंबर को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत पिपरिया कला में, गुरुवार 13 नवंबर को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत पान उमरिया में, गुरुवार 20 नबंबर को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत भनपुरा नंबर 2 में तथा गुरुवार 27 नवंबर को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गुड़ेहा में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

## आवारा मवेशियों को पकड़कर भेजा गया अस्थायी गौशाला



शहर की सुचारू एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था को को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर सार्वजनिक मार्गो में विचरण करने वाले आवारा मवेशियों पर प्रतिबंध लगानें हेतु निगम की हांका टीम द्वारा विगत रात्रि कुठला, पन्ना मोड सहित नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कार्यवाही कर मवेशियों को पकड़कर काउ कैचर वाहन से सुरक्षित रूप से चाका बाईपास स्थित अस्थाई गौशाला भेजनें का कार्य किया गया। आवारा मवेशियों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, साथ ही यातायात व्यवस्था बाधित होने के साथ-साथ नगर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इस पर रोक लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर न छोड़ें। यदि आवारा स्थिति में मवेशी पाए जाते हैं तो उन्हे गौशाला एवं कांजी हाउस भिजवाते हुए संबंधित पशुपालक के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना एवं वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र किये वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार मध्य प्रदेश में 31 अगस्त का दिन विमुक्ति उत्सव के रूप मे मनाए जाने के क्रम मे कटनी में भी विमुक्त घुमंतू अर्ध घुमंतू समुदाय हेतु जिला पंचायत कटनी के सभा गार में श्रीहरि राजपाल की अध्यक्षता में एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक टंडन के मुख्य आतिथ्य में विमुक्त घुमंतू अर्द्ध घुमंतू विमुक्त दिवस उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू विभाग जिला कटनी की ओर से विभागीय निरीक्षक श्रीमती नेहा भूमरकर सिंह व घुमंतू समुदाय के मार्गदर्शन समिति के अध्यक्ष श्रीहरि राजपाल एवं सदस्य अवसर पाल सरपंच ग्राम पंचायत झरेला, विकास पाल सरपंच ग्राम पंचायत बसाड़ी, श्रीमती शीला पाल संजय नगर कटनी , श्रीमती राधा पाल कटनी, श्रीमती चैना पाल ग्राम पंचायत महगवां ढीमरखेड़ा ,गांधी पाल, प्रकाश पाल ,राजू पाल ,अन्नू पाल,गोपाल पाल नागेश पाल, श्याम लाल पाल, अमृत लाल पाल, सुरेश पाल, राजेश पाल, अशोक पाल, नरेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में में लोगों की सहभागिता रही। अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभिन्न कक्षाओं में प्रवीण्य सूची में अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती रंजीता पटेल की छात्राओं द्वारा लोकगीत स्वागत गीत गाया गया।

विभागीय निरीक्षक श्रीमती नेहा भूमरकर सिंह के द्वारा विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी से समुदाय को अवगत कराया गया । मंच संचालन सुप्रिटेंडेंट शेख साबिर के द्वारा किया गया।

*निगमायुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपे कार्य दायित्व*

# गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं चल समारोह के दौरान नगर निगम करेगा विशेष व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शनिवार 6 सितंबर को आयोजित होने वाले गणेश विसर्जन पर्व एवं चल समारोह के दौरान प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निगम आयुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा उपायुक्त वित्त शैलेष गुप्ता को प्रभारी अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए निगम के विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभागीय व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। इसके अतिरिक्त निगमायुक्त द्वारा नगर के चिन्हित विसर्जन घाटो में अधिकारियों कर्मचारियों की पृथक से ड्यूटी लगाई जाकर दल का गठन किया गया है।

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार परम्परागत स्थानों पर प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु कृत्रिम जलकुण्ड का निर्माण एवं तिरपाल बिछवाने,समस्त कृत्रिम जलकुण्डों के चारो ओर वैरिकेटिंग की व्यवस्था, जुलूस मार्ग के गड्ढ़ों का भराव एवं मरम्मत, मसुरहा घाट में संबंधित भूमि स्वामी से सहमति प्राप्त कर कुण्ड निर्माण कराने सहित सभी विसर्जन स्थलों पर तैनात पुलिस बल एवं अन्य स्टॉफ हेतु वॉटरप्रूफ पंडाल एवं कुर्सी की व्यवस्था करानें दायित्व सौंपा है।

जुलूस मार्ग, विसर्जन कुण्डों की विशेष साफ-सफाई, रेखांकन, आवारा पशुओं की रोकथाम, विसर्जन कुंड पर नामजद सफाई दरोगा एवं सफाई मित्रों की ड्यूटी लगाने,जुलूस मार्गों में मांस एवं मछली की दुकानें बंद कराने की कार्यवाही कराने सहित पर्याप्त सफाई व्यवस्था कराने का दायित्व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को सौंपा जाकर इनके साथ 7 कर्मचारियों को संलग्न किया गया है। वहीं प्रतिमा विसर्जन को दृष्टिगत रखते हुए कृत्रिम जलकुंड हेतु तिरपाल, बैनर, फ्लैक्स, रस्सा के अतिरिक्त सुसज्जित चलित विसर्जन वाहन, कुण्ड की व्यवस्था कराने के साथ ही रात्रिकालीन ड्यूटी कर्मचारियों के लिये भोजन व्यवस्था कराने का दायित्व प्रभारी अधिकारी स्टोर्स आदेश जैन को सौंपा गया है।वहीं सभी विसर्जन कुण्डों में प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु पर्याप्त पानी, विसर्जन घाट में पानी टैंकर की व्यवस्था पूर्ण करानें हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा सहित जल प्रदाय शाखा के एवं टेंकर प्रभारी को निर्देशित किया गया है।

निगमायुक्त नें विसर्जन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम में अग्निशमन वाहन की व्यवस्था कराने एवं विसर्जन स्थलों पर होमगार्ड के जवान, तैराक, गोताखोर के लिये सूचना पत्र जारी करने हेतु प्रभारी फायर नियंत्रण अधिकारी श्री मृदुल श्रीवास्तव एवं शैलेन्द्र दुबे को दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही जुलूस मार्ग एवं सभी विसर्जन कुण्डों के आस-पास एवं पहुंच मार्गों पर विशेष प्रकाश व्यवस्था के साथ ही वैकल्पिक प्रकाश हेतु जनरेटर की व्यवस्था करने के साथ ही सभी प्रबंधन करने का दायित्व अधिकारियों को सौंपा गया है।

## माध्यमिक एवं हाईस्कूलों का किया गया अनुवीक्षण

# स्कूल हेड प्रतिदिन करें शिक्षकों के कार्यों की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विद्यालयों के अकादमिक स्तर में सुधार हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में डाइट फैकल्टी द्वारा निरन्तर मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में डाइट फैकल्टी राजेन्द्र असाटी द्वारा विजयराघवगढ़ विकासखंड के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मुहास, माध्यमिक शाला कांटी एवं हाई स्कूल रजरवारा का अनुवीक्षण किया गया।

मॉनिटरिंग के दौरान शासकीय माध्यमिक शाला मुहास में माध्यमिक स्तर तक पुस्तकालय का संचालन निर्देशों के अनुरूप नहीं पाया गया। साथ ही शिक्षकों द्वारा एट ग्रेड अभ्यास पुस्तिकाओं एवं एफ एल एन अभ्यास पुस्तिकाओं की जांच निर्देशों के अनुसार नहीं करना पाया गया। माध्यमिक शाला कांटी में छात्रों का स्तर संतोषप्रद है, किंतु गणित विषय में छात्रों की आधारभूत अवधारणाएं स्पष्ट नहीं है। इसलिए अतिथि शिक्षक पुष्पराज को डाइट कटनी में आकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कहा गया। शासकीय माध्यमिक शाला कांटी में विद्यालय व्यवस्थाएं संतोषप्रद हैं। शासकीय हाई स्कूल रजरवारा में प्राचार्य एस एस पेड्रो द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ गणित विषय के अतिथि शिक्षक दिनेश बर्मन द्वारा उत्कृष्ट अध्यापन कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण उनकी कक्षा के छात्रों का स्तर संतोषजनक पाया गया।

विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार हेतु माध्यमिक शाला मुहांस एवं शासकीय माध्यमिक शाला कांटी के शिक्षकों को डाइट कटनी द्वारा डाइट में प्रशिक्षण दिया गया। इसके आधार पर शिक्षकों द्वारा अगले 15 दिवस में निर्देशित बिंदुओं पर सुधार किया जाएगा एवं जन शिक्षकों द्वारा किए गए सुधार का फॉलो अप लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि अधिकांश विद्यालयों में शाला प्रमुखों द्वारा शिक्षकों द्वारा किए गए कार्य की गहन मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है जिससे विद्यालय के छात्रों का अकादमिक स्तर अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाया जा रहा है। उक्त तथ्य को ध्यान में रखकर डाइट कटनी में आयोजित लीडरशिप प्रशिक्षण के बाद विद्यालयों हेतु 15 लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। जिन प्रधानाध्यापकों द्वारा उक्त लक्ष्यों की पूर्णता हेतु प्रयास किए जाएंगे उन्हें डाइट कटनी द्वारा आगामी माहों में प्रोत्साहित किया जाएगा। इसी क्रम में माध्यमिक शाला गौरा, प्राथमिक शाला दुर्घटी पिपरिया, माध्यमिक शाला यशोदा बाई, माध्यमिक शाला सिमरिया सानी, माध्यमिक शाला बालक रीठी द्वारा सराहनीय कार्य किए गए हैं।

मॉनिटरिंग के दौरान जन शिक्षक संदीप मिश्रा एवं गणेश खटीक द्वारा छात्रों के अकादमिक स्तर का आकलन किया गया। आकलन के आधार पर पाया गया कि कक्षा 1, 2, 3 एवं 4 के छात्र अंग्रेजी विषय में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। जिसके आधार पर शिक्षक को सुधार हेतु स्टेप बाय स्टेप प्रक्रिया अपनाने हेतु निर्देश दिए गए। डाइट कटनी एवं जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में दो शालाओं को आदर्श शाला बनाकर अन्य शालाओं को ट्विनिंग के माध्यम से बेहतर बनाने के प्रयास किए जायेंग। अंत में बालिका छात्रावास बरहटा में छात्राओं के अकादमिक स्तर का आकलन किया गया एवं छात्राओं को एक कहानी अप्पूकुट्टन को कैसे तौलें, सुनाई गई एवं कहानी को अंग्रेजी गणित विज्ञान विषय से जोड़कर इंटीग्रेटेड लर्निंग के कॉन्सेप्ट पर चर्चा की गई।

# विशेष साफ सफाई के साथ कीटनाशक का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पर्वो एवं सुचारू सफाई व्यवस्था के चलते नगर के विभिन्न स्थलों में विराजे गणेश भगवान के पंडालों एवं विभिन्न मंदिरों एवं देवालयों के आसपास सहित पहुंच मार्गो की विशेष साफ सफाई के साथ साथ गणेश विसर्जन स्थलों के चिन्हित घाटों, पर्युषण पर्व के चलते जैन मंदिरों के आसपास एवं ईद पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों की विभिन्न मस्जिदों के आसपास विशेष साफ-सफाई का कार्य किया गया। वहीं नगर के विभिन्न मंदिरों से निकलनें वाली पूजन सामग्री के निस्तारण की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पूजन सामग्री संग्रहण हेतु चलाये जा रहे विशेष वाहन के माध्यम से पूजन समग्री संग्रहण किये जानें का कार्य भी निरंतर जारी रहा। वर्तमान समय मे नगर के रोजाना बदलते मौसम के चलते किसी भी प्रकार की मच्छरजनित बीमारियों को रोकने के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर वार्डवार फागिंग मशीन से रासायनिक धुंए के छिड़काव के साथ ही जलभराव वाले स्थलों एवं बीमारियों के फलनें की संभावना वाले संभावित स्थलों में हैंड स्प्रे पंप के माध्यम से कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव किया जा रहा है।

नगर के जल भराव वाले संभावित स्थलों में स्प्रे पंप मशीन के माध्यम से कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। वहीं मच्छरों पर नियंत्रण हेतु नगर निगम के माध्यम से चलाये जा रहे फागिंग अभियान के तहत विगत दवसों ई-रिक्शा के माध्यम से फागिंग मशीन के माध्यम से ईश्वरी पुरा वार्ड, बी.डी अग्रवाल वार्ड की विभिन्न गलियों एवं मुख्य मार्गो में रासायनिक धुआं छोडनें का कार्य किया गया।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक श्याम बिहारी शुक्ला हुए सेवानिवृत्त

**पवई।** विकास खण्ड अन्तर्गत शासकीय माध्यमिक शाला करही मे पदस्थ रहे श्याम बिहारी शुक्ला सहायक शिक्षक का 31अगस्त को सेवा काल पूर्ण होने पर विद्यालय मे भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह मे सहायक संचालक नम्रता जैन द्वारा श्रीरामचरित ग्रंथ के साथ राम दरवार की फोटो साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और श्रीशुक्ला के सेवा काल की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम समापन पश्चात गाजे बाजे के साथ विदाई दी गई। इस दौरान आर के नगायच,विजय राजेश मिश्रा, राम भुवन बागरी,विजय कुमार गर्ग, जय कुमार पाण्डेय, हरिओम गर्ग, सरोज बागरी, किशोरी लाल उपाध्याय, मीना श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक शिक्षकाए व ग्राम के लोग मोजूद मोजूद रहे।

### बस और मोटर साइकिल की आमने सामने भिड़ंत, दो घायल, जिला चिकित्सालय कटनी रेफर

**शाहनगर।** पन्ना कटनी रोड पर स्टेट बैंक के सामने आज सोमवार दोपहर करीब 3 बजे बड़ा हादसा हो गया। कटनी से पन्ना बायां शाहनगर जा रही कोहली बस और मोटर साइकिल की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पंकज शर्मा 37 वर्ष एवं पुजारी पाठक 50 वर्ष बताए गए हैं। दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी शाहनगर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय कटनी रेफर किया गया।

### 937.5 इंच वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 937.5 मि.मी. अर्थात 36.9 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 97.2 मि.मी. अर्थात 3.9 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 840.3 मि.मी. अर्थात 33.0 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा दमोह में 1112.0 मि.मी. दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1246.6 मि.मी. है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 1112.0 मि.मी., हटा 914.1मि.मी.,जबेरा में 1015 मिमी, पथरिया 1013 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 877.8 मि.मी., बटियागढ़ 859.0 मि.मी. तथा पटेरा में 772.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 24.0 मि.मी. अर्थात 0.9 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 14.0 मि.मी., हटा में 46.2 मि.मी., जबेरा में 5.0 मि.मी.,पथरिया 5.0 मि.मी., तेंदूखेड़ा 14.2 मि.मी., बटियागढ़ 54.0 मि.मी. तथा पटेरा में 30.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।



नवयुवक गणेशत्सव समिति हिण्डोरिया।



बाल गणेशोत्सव समिति हिण्डोरिया।



मदन टेंट गणेश उत्सव समिति हिण्डोरिया।



प्यासी गणेश उत्सव समिति हिण्डोरिया।



चौरसिया गणेशोत्सव समिति हिण्डोरिया।

## गणेश उत्सव पर्व की धूम

**हिंडोरिया।** दस दिवसीय गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। अनेक जगहों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वही पर सार्वजनिक पंडालों में सुंदर गणेश प्रतिमाओं की झाकियों को सजाया गया है। अनेक जगहों पर भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना कर भव्य दरबार सजाए गए है। वार्डो के अनेक घरों में भी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। शाम होते ही सार्वजनिक पंडालों में गणपति बप्पा मोरिया के स्वर गूंज रहे है। बाल गणेश उत्सव समिति बजरिया एवम स्टेट बैंक के पास रखे नव युवक समिति के सार्वजनिक साथलो पर नियमित रूप से महाआरती की जा रही है। सुंदर झाकी सजाए गई है जहा पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अनेक जगहों पर भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

## बच्चों ने किये सांस्कृतिक कार्यक्रम



**सिंग्रामपुर।** दशलक्षण महापर्व पर पांच में दिन बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम में सुबह मंदिर जी में अभिषेक शांति धारा व विधान किया गया मंदिर की प्रांगण में सायंकालीन आरती प्रवचन एवं पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। पाठशाला के बच्चों नन्हे मुन्ने बच्चों को जयकुमार जैन श्रीमती ज्ञानश्री द्वारा पुरस्कार विस्तृत किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## जीतू पटवारी पर किए गए हमले की कांग्रेस ने की निंदा

**गैसाबाद।** देश में चल रहे बोट चोरी अभियान के तहत कार्यक्रम में सम्मिलित होने इंदौर से रतलाम जा रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के काफिले पर किए गए। हमला की कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घोर निंदा की, हटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुखिया पर किए गए। हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे एक कायरतापूर्ण हरकत एवं सच्चाई को दबाने की कोशिश बताया हमले की निंदा करने वालों में इंका नेता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सफल त्रिवेदी ब्लॉक महामंत्री परम उपाध्याय, सेवादल गैसाबाद अध्यक्ष विनोद सिंह राजपूत बलिराम अहिरवार सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने घोर निंदा की।

## आपत्ति लगने के बाद भी बिना निराकरण कर दिया नामांतरण

### सैकड़ों प्लाटों का कर दिया नामांतरण

**तेंदूखेड़ा।** नगर परिषद में मकान एवं प्लांट का नामांतरण किए जाने का बहुत बड़ा फर्जी चल रहा है। सबसे बड़ी हैरानी का मामला है कि परिषद की बैठक में प्रकरण रखे बिना ही मकानो और प्लाटो का नामांतरण कर दिया जाता है। जबकि नियामानुसार परिषद की बैठक में रखने के बाद ही नगर परिषद के रिकार्ड में नाम दर्ज किए जाने का नियम है। लेकिन परिषद के कर्मचारी सभी नियमो को ताक पर रखकर परिषद के रिकार्ड में नाम दर्ज किए जा रहे है। एक और हैरान करने का मामला सामने आया है। किसी प्लाट या मकान के नामांतरण किए जाने पर आपत्ति लगाने के बाद भी उसका निराकरण किए बिना ही परिषद में नामांतरण कर दिए जाते है। ऐसा ही एक नगर के वार्ड क्रमाक 7 के स्वः जुगल किशोर साहू का दो दो आपत्ति दर्रज किए जाने के बाद भी नियम विरूद्ध दूसरे का नाम दर्ज कर दिया गया। ज्ञात हो कि वार्ड क्रमांक 7 शंकर जी मंदिर के पास जुगल किशोर साहू का मकान था। लेकिन जुगल किशोर की 25 दिसम्बर 2019 को मौत हो गई थी। जुगल किशोर साहू अविवाहित थे। माता पिता का पहले स्वर्गवास था। लेकिन मरने के पहले जुगल किशोर साहू ने अपना मकान और जमीन साहू समाज के पंचो के सामने धर्मशाला के लिए दान कर गया था। लेकिन नगर परिषद के कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते जुगल किशोर का मकान किसी और के नाम पर दर्ज कर दिया गया। साथ ही नाम दर्ज होने के बाद उस मकान को बेच दिया गया है। जब साहू समाज के लोगो को जानकारी लगी मां कर्मादेवी सेवा संस्थान के अध्यक्ष नेमचंद साहू एवं समाज के अनेक पदाधिकारियों ने अपने हस्ताक्षर कर सीएमओ को आवेदन देकर मामले की जॉचकर कार्यवाही की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जुगल किशोर की मृत्यु के बाद परिवार के जितेन्द्र साहू ने दिनॉक 22 जनवरी 2020 को नाम दर्ज किए जाने पर सीएमओ एवं तहसीलदार के समक्ष आपत्ति लगाई थी। इसके बाद 13 अक्टूवर 2023 को पुनः आपत्ति दर्ज कराई गई थी इसके बाद भी 2020 में ही दूसरी एक महिला के नाम पर दर्ज कर दिया गया। सबसे बड़ी बात है कि नाम दर्ज होने के बाद मकान को बेंच दिया गया इसके बाद फिर 2024 में नगर परिषद में पुनः किसी ओर के नाम पर दर्ज कर दिया गयां। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रामकुमार साहू ने बताया है कि परिषद के बैठक में निर्णय लेने के बाद ही नाम दर्ज किया जाता है लेकिन नगर परिषद के कर्मचारी एवं अधिकारी नियम विरूद्ध सेकड़ो नाम चढा दिए गए है। ऐसे ही जुगल किशोर की मृत्यु के बाद किसी और का नाम चढा दिया गया है इसके बाद कई लाखो रूपए में वह मकान बेच दिया गया। जिस कारण सम्पूर्ण समाज में आक्रोश है। सीएमओ पीयूष अग्रवाल ने कहां है कि 2018 एवं 19 में जीआईएस सर्वे किया था उस समय सर्वे करने बालो ने जो उस मकान में था उसका नाम चढा दिया था। लेकिन सर्वे में नाम चढने के बाद वह गलत नाम चढ़ गया है तो वो संपत्ति उसकी नहीं हो जाएगीं। आवेदन प्राप्त होने के बाद पत्राचार कर महिला से जानकारी मांगी जा रही है कि आप कैसे उस सम्पत्ति के मालिक हो गई जिसके दस्तावेज मांगे जा रहे है।

## जयस कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** जय आदिवासी युवा शक्ति जयस तेंदूखेड़ा जिला दमोह की बैठक का आयोजन राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह मंगल भवन किया गया जिसमें जयस के क्रांतिकारी साथियों ने भाग लेकर बैठक को सफल बनाया साथ 17 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम की समीक्षा भी की गई जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार साझा किया जय आदिवासी युवा शक्ति जयस तेंदूखेड़ा तेजगढ़ की नवीन कार्यक्रम का भी गठन किया गया जिसमें विगत वर्षों से जयस की विचारधारा को लेकर कार्य करने वाले नौजवान युवाओं को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि किसी भी संगठन की ताकत युवा शक्ति होते हैं अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर हमारे समाज के उत्थान एवं विकास को लेकर कार्य करें हमारे लोगों को संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुए समाज को आगे बढ़ाना है ताकि शासन प्रशासन द्वारा चलाई जाने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हमारे समाज को आसानी से मिल सके उन्होंने बताया कि जल जंगल जमीन की लड़ाई हम सभी को मिलकर लड़नी है जय आदिवासी युवा शक्ति जयस नवीन कार्यकारिणी मैं शामिल सभी युवा साथियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं इस अवसर पर गिरधारी परस्ते, अनिल धुर्वे,कुमेश ठाकुर, दिनेश पोर्ते, दान सींग, रविन्द्र पन्दाम, राहुल, मर्दन सिंह, गोलू पोर्ते, विशाल,गोकल मरावी, मोनू मरावी, मुकेश, संदीप, राहुल, दीपक मरावी, राजा,गनेश, गुलाब सिंह , गोपाल सहित भारी संख्या में जयस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंजाबी महिलाओं ने गणेशोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया



**दमोह ।** पंजाबी महिला विकास समिति दमोह की महिलाओं द्वारा गणेशोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सोनिया अरोरा, मनप्रीत कौर, श्वेता सरीन, पूनम छाबड़ा, रिंपी गांधी ने भजन संध्या से की एवं समिति के सभी सदस्यों ने अपनी श्रद्धा-भक्ति का परिचय देते हुए भागीदारी की। बप्पा की भव्य आरती शुचि अरोरा, शिल्पा, मनमीत अजमानी सहित अन्य सदस्यों द्वारा हुई एवं प्रसाद वितरण का कार्य अनमोल छाबड़ा एवं नीटो गांधी ने किया। समिति की सदस्य शिंकी गांधी की बिटिया को राधा रानी बनाया गया एवं उसने कृष्ण भजन पर बहुत ही सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। पंजाबी महिला विकास समिति में पूजा बग्गा, टीना अरोड़ा, पायल खत्री ने नवीन सदस्यता ग्रहण की।

## संतोषजनक न पाये जाने पर शोकॉज नोटिस जारी

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठया ने कहा कि जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण और समय पर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके द्वारा सतत रूप से ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रदायित स्वास्थ्य सेवाओं का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में डॉ. आर.के. अठया ने आज प्रातः 10 बजे विकासखंड पथरिया के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का औचक भ्रमण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जेरठ पहुँचकर संस्था में प्रदायित सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। यहॉ कार्यरत डाटा एन्ट्री ऑपरेटर विजय अहिरवार का पोर्टल पर डाटा प्रविष्टि का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। डॉ. अठया के प्रातः 10.30 बजे भ्रमण दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर किशुनगंज एवं प्रातः 10.45 बजे पिपरिया चंपत बंद पाये गये। उन्होने संबंधित सीएचओ को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

## 'हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान' का किया वाचन




**पटेरा।** आखिल भारतीय राष्टीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर एवं लोक शिक्षा संचनालय एम पी भोपाल के पत्र अनुसार पटेरा ब्लॉक के लगभग सभी विद्यालयों में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान का वाचन एवं शपथ आज एक सितंबर को किया गया। कार्यक्रम में सभी शासकीय एवं अशासकीय, प्राथमिक से लेकर हायर सेकंडरी तक के प्राचार्य, समस्त शिक्षकों तथा सभी छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और संकल्प किया कि हम अपने विद्यालय को स्वच्छ और हरा भरा एवं अनुशासित बनाएंगे। आज के कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आई एल आठिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी अमित जैन अध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ब्लॉक पटेरा का पूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ पटेरा ब्लॉक के उपाध्यक्ष प्रमोद परोहा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र तंतुवाय, सचिव शरद ताम्रकार, सदस्य निर्मल लोधी, अनिल ताम्रकार, विक्रांत ताम्रकार जी, कैलाश पटेल, अरविंद पटेल, श्यामनारायण विश्वकर्मा, राज ताम्रकार , लक्ष्मण विश्वकर्मा , मुलायम सिंह, राजेश कोरी कु दिव्यांशी कोष्टा, श्रीमती तारा नामदेव का सहयोग प्राप्त हुआ।

## गणेश पंडाल में कराया योग अभ्यास



**दमोह।** प्रतिवर्ष 21 जून को संपूर्ण भारतवर्ष सहित विश्व में योग दिवस मनाया जाता है। साथ ही प्रति दिवस आयुष विभाग के द्वारा योग के प्रचार प्रसार के लिए गतिविधि चलाई जाती है। साथ ही प्रतिदिवस आयुष्मान अरोग्य मन्दिरों में भी योगाभ्यास कराया जाता है। जनसामान्य को योग के प्रति जागरूक करने के लिए जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर चोपरा द्वारा ग्राम के गणेश पंडाल में योग का अभ्यास कराया गया एवं जन सामान्य को योग एवं आसनों के प्रति जानकारी दी। योग के द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। जिसमें डॉ. पंकज दास रोहित के नेतृत्व में योग प्रशिक्षक ध्रुव प्रताप सोलंकी द्वारा योग कराया गया। साथ ही योग शिक्षक संभव जैन ने सहयोग प्रदान किया।।

## कलचुरी समाज के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का किया सम्मान



**दमोह।** कल्चुरी महासभा के जिला अध्यक्ष संजय राय पिता सेवा निवृत्त प्राचार्य सुख-चैन राय तथा कल्चुरी समाज के राष्ट्रीय सचिव राजा राय पिता शंकर राय, जिला सचिव राजीव राय साव, नगर अध्यक्ष अभिषेक राय की भेंट धर्मेंद्र भाव सिंह मप्र शासन संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री के निज निवास नोहटा में हुई। जहां मंत्री जी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत साल श्रीफल से किया तथा आगामी कार्यक्रम 28 अक्टूबर को सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाए जाने की चर्चा व जयंती में आने की सहमती ली । नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने ,जिला लोधी समाज के जिला अध्यक्ष भाव सिंह जी से मुलाकात कर कहा राय समाज सभी समाजों से जिला स्तर प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर तालमेल रखते हुए कार्य देश हित तथा समाज हित में करेगी। नर्मदा प्रसाद राय, नीरज जायसवाल जबेरा ,पप्पू परसोत्तम राय नोहटा ,चंदू राय, देवेंद्र राय हटा , अरविंद गुड्डा राय हटा और बबलू राय काका हटा, से सहायक संचालक शिक्षा से नन्हे से ठाकुर, सुनील राय रामराम पंप ,धर्मेंद्र राय बबलू, पप्पू राय हर्ष बस वाले, गोविंद कंचू राय, सुनील राय रॉयल ,राजा गौरव राय ,मुलायम राय पटेरा सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

## गणेश उत्सव में राधा अष्टमी पर सोहर गीत गाकर दी बधाई

**हटा।** नगर के नवोदय वार्ड ककराई एरिया में रसीलपुर रोड पर गणेश उत्सव चा राजा समिति द्वारा स्थापित भगवान गणेश की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है जहां रोजाना आरती में दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है इसी क्रम में रविवार को गणेश पंडाल में देवी राधारानी का जन्मोत्सव भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस अवसर पर भजन मंडली द्वारा राधा रानी के जन्म पर बधाई गीत और सोहर लोकगीत सहित सुमधुर ब्रज के भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों के दौरान उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं उल्लास पूर्वक झूमते हुए ढोलक की थाप पर नृत्य कर रही थी वही बालिकाओं ने गरवा नृत्य करते हुए फूलों की होली खेली। वहीं भजन कलाकारों ने राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी... मीठे रस से भरी रे, राधा रानी लागे... भक्ति के इन मधुर स्वरों से उपस्थित जनसमूह भक्ति में डूबा जिससे गणेश पंडाल भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आया।

## अन्य जिलों के विजिटिंग डॉक्टर की जानकारी सात दिवस में दी जाये

**दमोह।** म.प्र. में नर्सिंग होम की स्थापना और संचालन के लिए राज्य सरकार द्वारा म.प्र. नर्सिंग होम एक्ट लागू किया गया है। म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएँ (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 नियम 1997 यथा संशोधन 2021 के प्रावधान अनुसार जिले में पंजीकृत सभी प्रायवेट क्लीनिक/मेडिकल स्टोर्स/नर्सिंग होम में ईलाज करने हेतु बाहर से आने वाले विजिटिंग डॉक्टर की जानकारी दस्तावेजों सहित (पंजीयन एवं डिग्री) मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को 07 दिवस के भीतर देना अनिवार्य है। इसी प्रकार स्टॉफ में परिवर्तन जैसे चिकित्सक, नर्सिंग, मिडवाईफ या तकनीकी स्टॉफ में परिवर्तन के साथ जिन दायित्वों में ऐसे परिवर्तन हुए है, उन्हे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को देना आवश्यक है। अनुमति के बिना ईलाज करते हुए पाये जाने पर नियम अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## धूमधाम से मनाया जा रहा पर्यूषण पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा नगर में पर्वराज पर्यूषण पर्व बड़े ही धूमधाम व उत्साह के साथ मनाए जा रहे हैं। सभी जैन बंधु पर्यूषण पर्व के 10 दिन संयम कर अपनी साधना करते हैं। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर जबेरा में डोंगरगढ़ प्रतिभास्थली से आई ब्रह्मचारिणी बहिन रिंकी दीदी व मनीषा दीदी के द्वारा धर्म साधना कराई जा रही है। सुबह से ही अभिषेक, शांति धारा के साथ संगीतमय पूजन करवाया जाता है। इसके उपरांत तत्वार्थ सूत्र का वाचन, फिर ब्रह्मचारिणी दीदी के मांगलिक प्रवचन होते हैं। इसके उपरांत दोपहर में विधान, मूक माटी क्लास इसके उपरांत शाम को ध्यान, सामूहिक संगीतमय महाआरती के उपरांत रात्रि में मांगलिक प्रवचन के बाद रंगमंच सांस्कृतिक प्रस्तुतियां की जाती हैं। समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जाते हैं।श्री अनेकांत विद्या पाठशाला में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया।

## जबेरा में गणेश उत्सव की धूम उमड़ रहे श्रद्धालु



**जबेरा।** जबेरा नगर में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है प्रथम पूज्य रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना नगर वासी पूरी श्रद्धा एवं भक्ति भाव लीन होकर कर रहे हैं। वहीं सार्वजनिक स्थलों पर नरसिंह देवालय, बाजपेई मोहल्ला, नया बाजार तालाब, थाना परिसर सहित अनेक स्थलों पर आकर्षक साज सज्जा के साथ भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। जहां श्रद्धालुओं एवं पूजन अर्चन करने वालों का तांता लगा रहता है। वहीं पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, पंडित रासेश्वर शरण महाराज, पंडित आसु तिवारी, रितेश ताम्रकार, अशोक सिंह, सुंदरलाल, राजकुमार सिंह, विवेक कटारे, अनमोल दीक्षित, वीरेंद्र सिंह, सुशील बाजपेई, महेंद्र नामदेव आदि के सहयोग से भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई है जहां सुबह-शाम श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

## बम्होरी पॉन्जी में कल होगा दंगल

**तेंदूखेड़ा।** नगर से 3 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बम्होरी पॉन्जी में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्री 1008 ठाकुर जी का शुभ विमान प्रतिवर्ष कृष्ण जन्माष्टमी से रखा जाता है। जिसका जल विहार बुधवार दिनांक 03 सितंबर 2025 को दिन होगा ज्ञात हो कि लगभग एक सौ छैःवर्षों से यह कार्यक्रम निरंतर जारी है। बम्हौरी के जगत सिंह दिलीप सिंह,चरनसिंह, सुरेश सिंह हीरा सिंह,रोशनसिंह, रघुनाथ सिह ,टेकसिंह के परिवार द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में जबलपुर पाटन नरसिंहपुर गोटेगांव सलैया दमोह एवं अन्य शहरों एवं ग्रामीण अंचलों के अनेक लोग अपने अपने स्थानों के पहलवान कुश्ती लड़ने यहां आते हैं। इस कुश्ती ने अपने अपने जौहर दिखाते हैं। इस कार्यक्रम के उपरांत यहां पर भगवान का प्रसाद वितरण एवं खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया जाता है इस कार्यक्रम में लगभग 5-6 हजार लोग उपस्थित रहते हैं।

श्मशान तक जाने के लिए पिछले साल करोड़ों की लागत से सड़क डेम तक बनाने की हुई थी बात, लेकिन कार्य कागजों तक ही सिमटा

# अंतिम यात्रा के लिए भी संघर्ष, घुटनों तक नाले के पानी पार कर ले जा रहे शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

एमपी के दमोह जिले की जंप जबेरा के ग्राम सिंग्रामपुर में अंतिम संस्कार के लिए गांव के लोग घुटनों तक भरे नाले को पार कर रहे है क्योंकि श्मशान घाट तक जाने के लिए रास्ता नही है। इसके बाद सरकार के ग्रामीण विकास के दावों पर सवाल उठ रहे हैं। सिंग्रामपुर जहां श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए रास्ता नहीं है। बरसात में ग्राम में किसी की मौत हो जाती है तो अंतिम संस्कार के लिए शव ले जाने में मुश्किलें बढ़ जाती हैं। और लोगों को -नाले को पार करके अंत्येष्टि को जाना पड़ता है सिंग्रामपुर ग्राम में कुछ ऐसी ही स्थिति बनी है। बारिश के दिनों में लोग नाले में घुटनो पानी को पार कर श्मशान घाट तक जाते हैं और अपनों का अंतिम संस्कार करते हैं। आज सिंग्रामपुर ग्राम में लोगों को कुछ ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा है। दरअसल, दमोह जिले की जंप जबेरा के सिंग्रामपुर ग्राम जबेरा विधानसभा क्षेत्र में आता है। आज सिंग्रामपुर निवासी सचिन साहू 35 की वर्षीय मौत हो गई है। वारिश के चलते श्मशान घाट के रास्ते में एक नाला पड़ता है। बारिश की वजह से नाले घुटनों तक पानी था। ग्राम के लोग पार्थिव शरीर को लेकर अंतिम संस्कार के लिए निकले। इस दौरान घुटनो तक पानी होने पर नाले में कुछ लोग गिरते उठते नाला को पार किया तब कही जाकर पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार हुआ स्थानीय जनपद प्रतिनिधि दीपक यादव रमेश राय सहित ग्रामीणों कहना है की 60वर्षो में श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए यहां पर रास्ता तक नहीं बना है और नाले पर स्टाप डेम कम रपटा का निर्माण नहीं हुआ है जबकि ग्राम की आधी आबादी के लोग इस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए जाते हैं वहीं सैकड़ो किसानों का खेतिहर भूमि तक पहुंचाने उन्होंने बताया 1 साल पूर्व भी मीडिया के माध्यम से शमशान घाट की खबर लगाई गई थी प्रशासन द्वारा महीने भर के बीच में नापतोलकर करोड़ों रुपए की सीसी से लेकर डेम बनाने की बात की गई थी यहां तक की उच्च अधिकारी रूपरेखा बनाकर चले गए थे लेकिन सिर्फ वह कागजों तक सीमित रह गई है माननीय मंत्री जी के क्षेत्र में यह स्थिति दुर्लभ बनी हुई है।

### झलौन में रिमझिम बारिश के दौरान किया अंतिम संस्कार



**झलौन।** तेंदूखेड़ा जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत झलौन के श्मशान घाट में समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यों को गिनाया जाता है परंतु वास्तविता में धरातल पर कुछ नहीं है। हाल ही में कुछ दिन पहले एक आदिवासी महिला की मृत्यु हो गई थी तभी रिमझिम बारिश चल रही थी तो परिजनों को रिमझिम बारिश के चलते अंतिम संस्कार करना पड़ा बहुत ही समस्या का सामना करना पड़ा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का इस ओर ध्यान आकर्षण नहीं होता है। झलौन मुक्ति धाम में न तो टीन शेट की व्यवस्था है न ही बैठने की व्यवस्था है,गर्मी के मौसम तो श्मशान आने वाले लोगों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है किसी भी प्रकार की छाया की उचित व्यवस्था नहीं की गई है। श्मशान में गंदगी फैली रहती है। छोटी खकरी होने की वजह से आसपास के लोग खकरी को कुंद कर शौच भी कर जाते है। इस अव्यवस्था को लेकर ग्राम सभा में कई बार ग्रामवासियों ने ध्यान आकर्षण कराने का प्रयास किया। लेकिन जिम्मेदार लोग इस अव्यवस्था को नजरअंदाज कर रहे है।

## अधिकारीगण 4 से 7 सितम्बर तक बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे

**दमोह।** वर्तमान में गणेशोत्सव एवं पर्युषण पर्व मनाए जा रहे हैं, साथ ही आगामी दिन अनंत चतुर्दशी (गणेशजी विसर्जन), पर्यूषण पर्व की समाप्ति पर शोभायात्रा एवं ईद-मिलाद-उन-नबी प्रमुख त्यौहार भी निकट हैं। इन धार्मिक आयोजनों के दौरान जिले में शांति, कानून व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित रखना अत्यतं आवश्यक हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने उपरोक्त पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित कार्यालय प्रमुख एवं अत्यावश्यक सेवाओं से जुडे अधिकारीगण (राजस्व पंचायत, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, विद्युत, होमगार्ड, लोक निर्माण, आबकारी आदि) 04 से 07 सितम्बर तक बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोडेगें। इसी प्रकार पर्वों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी अधिकारी पूर्णतः सतर्क एवं उपलब्ध रहेंगे। जारी आदेश में कहा गया हैं आदेश का उल्लंघन करने की स्थिति में सबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा।

# कच्चे मकान की दीवार गिरने से पति की मौत, पत्नी घायल



**हटा।** क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के चलते रविवार की दरमियानी रात थाना क्षेत्र के भटिया गांव में एक कच्चे घर की दीवार गिर गई जहां अंदर सो रहे पति-पत्नी दीवार के मलवे की चपेट में आ गए जिसमें पति देवेंद्र लोधी की मौत हो गई वहीं पत्नी पूनम लोधी को इलाज के लिए सिविल अस्पताल हटा भेजा गया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना की सूचना पर हटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची हादसे की जांच शुरू की है। गांव के लोगों ने बताया कि पड़ोस में बने कच्चे घर की दीवार पीड़ितो के घर पर गिरी जिससे वह दीवार के तलवे की चपेट में आने से यह दुखद हादसा हुआ,घटना की जांच जारी है।

# हत्या के मामले में सुनाई आजीवन कारावास की सज़ा

**दमोह।** हटा कोर्ट के माननीय न्यायाधीश श्रीमान सिराज अली द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 66/2023 राज्य विरुद्ध भीकलाल बारेला धारा 302 भा.द. वि. के प्रकरण में आजीवन कारावास की सज़ा दी है, मामले की जानकारी देते हुए अतिरिक्त लोक अभियोजक दिलीप सिंह ठाकुर* ने बताया कि प्रकरण कुछ इस प्रकार है कि भीकलाल बारेला जो ग्राम अंगौरी का है उसने अपने ही गाँव के रहने वाला है मनोहर बारेला को अंगौरी के जंगल थाना रजपूरा ले जाकर कुल्हाड़ी से मारकर उसकी निर्मम हत्या कर दी । घटना स्थल पर मिले साक्ष्यों के आधार पर थाना प्रभारी राजपुरा द्वारा मामले की सूक्ष्म विवेचना एवं प्रकरण में आए साक्ष्यों के आधार पर माननीय न्यायाधीश महोदय द्वारा अभियुक्त भिकलाल बारेला को धारा 302 भा. द. वि. में आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है अर्थदण्ड ना देने पर 2 माह के अतिरिक्त कारावास की सज़ा दी है शासन की ओर से मामले की पैरवी दिलीप सिंह ठाकुर अतिरिक्त लोक अभियोजक हटा द्वारा की गई ।

# बारिश के बीच डबल लॉक में खाद के लिए उमड़ी किसानों की भीड़

**कूपन न मिलने से किसानों ने लगाया सड़क पर जाम, प्रशासन ने संभाला मोर्चा, तहसीलदार की समझाइश पर माने किसान**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



देश के अन्नदाता किसान को खेती करने के लिए प्रति वर्ष खाद को लेकर मुसीबत का सामना करना पड़ता है ऐसा ही मामला सोमवार की सुबह हटा कृषि उपज मंडी में देखने को मिला जहां बारिश में भीगते हुए हजारों किसान खाद के लिए लंबी लाइन में मस्ककत कर खाद का कूपन लेने के लिए संघर्ष करते नजर आए। दरअसल कृषि उपज मंडी स्थित डबल लॉक गोदाम में खाद लेने के लिए सोमवार सुबह किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी जहां बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने से वितरण व्यवस्था गड़बड़ा गई और बारिश के बीच किसान लाइनों में खाद के लिए इंतजार करने पर कूपन नहीं मिलने से आक्रोशित किसानों ने सड़क पर जाम लगा दिया जिससे घंटों कृषि मंडी के सामने वाहनों की कतार लग गई।

सूचना मिलने पर 10.30 बजे हटा तहसीलदार उमेश तिवारी शिवराम चढ़ार, पुलिस अमले के साथ डबल लॉक गोदाम पहुंचे और किसानो को समझाएं देकर व्यवस्थित करते हुए टोकन सिस्टम के माध्यम से खाद वितरण कराया गया। जहां तहसीलदार ने किसानों को समझाइए देते हुए बताया कि खाद की कमी नही है। किसानों के एक साथ भारी संख्या में पहुंचने से व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई लेकिन अब सुचारू रूप से वितरण जारी है।

उल्लेखनीय है कि जहां प्रदेश के मुखिया द्वारा किसानों को पर्याप्त खाद एवं समुचित व्यवस्था बनाए रखने की बात कही जाती है और ग्रामीण क्षेत्र की समितियों में खेती के हिसाब से पर्याप्त खाद की व्यवस्था की जाती है लेकिन इसके बावजूद भी किसान खाद के लिए इतना परेशान क्यों होता, आखिर समितियों मैं भेजा गया पर्याप्त खाद कहां गायब हो जाता है इस पर अधिकारियों को गौर करनी चाहिए यदि गांव में ही किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध हो जाता तो डबल लाक मैं यह नौबत ही क्यों आती इस पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को गौर करनी चाहिए।

# पुलिस ने बाईक चोर गिरोह को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



थाना तेंदूखेडा जिला दमोह द्वारा मोटर सायकिल चोरी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना दिनाँक 01 सितंबर 2025 को कस्वा भ्रमण दौरान साहिल केवट द्वारा एक लाल रंग की एक्सट्रीम मोटर सायकिल बिना नंबर की चोरी की सदेहास्पद होने से पूछताछ करने पर जिला जबलपुर के पनागर क्षेत्र के अनिकेत केवट व उसके साथी से मोटर सायकिल लेना बताने एवं अनिकेत केवट व उसका साथी इमलीडोल के पास होना बताने पर बताये स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही की गई। अनिकेत केवट व उसका साथी मिलने पर पूछताछ पर उनके द्वारा अन्य चोरी की तीन मोटर सायकिलें व एक मेस्ट्रो स्कूटी जप्त की गयी। उक्त मोटर सायकिलें एवं स्कूटी आरोपीगण द्वारा जिला जबलपुर के थाना पनागर एवं थाना गोसलपुर क्षेत्र से चोरी करना बताये हैं। आरोपीगण साहिल उर्फ विदास केवट, अनिकेत केवट एक अन्य साथी के विरुद्ध इस्तागासा क्र. 01/2025 धारा 35(1-5) बीएनएसएस का कायम किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सुजीत भदोरिया एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय तेंदूखेडा देवी सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना तेंदूखेडा पुलिस की गठित टीम द्वारा मोटर सायकिल चोरी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार । पुलिस पांच टू व्हीलहर कुल मसरुका 3 लाख 80 हजार रुपये का जब्त कया गया। गिरफ्तार आरोपियों में साहिल उर्फ विदांस केवट पिता राजकुमार केवट निवासी वार्ड क्र. 09 तेन्दूखेड़ा, अनिकेत पिता धर्मेन्द्र केवट निवासी ग्राम पिपरिया पनागर जिला जबलपुर एवं बालक उम्र करीबन 17 साल को गिरफ्तार किया गया। । कार्यवाही में थाना प्रभारी तेंदूखेडा उनि, नीतेश जैन, प्रआर बृजेश तिवारी, प्रआर. रविचंद्र सेन, प्रआर. शालिम खान, प्रआर. चालक याशीन खान, आर. रणधीर सिंह, आर. नीरज नामदेव, आर. विशाल बेन, आर. प्रांशु सिंह, आर. राममिलन घोषी, सायवर टीम प्रआर, राकेश अठ्या, प्रआर. सौरभ टंडन, आर. रोहित सिंह राजपूत, आर. मयंक दुबे का विशेष योगदान रहा।

## सज्जन पुरुष सत्य पर न चल सकें, लेकिन सत्य को कहने से नहीं चूकते - श्री विशुद्धसागर जी

**पथरिया।** दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति के उन्नायक पट्टाचार्य 108 भी विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने विरागोदय तीर्थ क्षेत्र पथरिया में धर्म-सभा में सम्बोधन करते हुए कहा सत्य सुनो, सत्य गुणो, सत्य जानो, सत्य मानो और सत्य का आचरण करो। कुटिल- कटु भाषण, पीड़ा कारक वचन ही असत्य है।₹ दूसरों के दुःख के कारणभूत वचनों को छोड़कर स्व-पर हितकारी वचन कहना ही सत्यधर्म' है। सत्य वचन बोलना, झूठ नहीं बोलना, यही सत्यवादी है। परभावों का सर्वथा त्याग और निजात्मा में लीनता ही निश्चय से 'सत्यव्रत' है। मन-वचन-काय से असत्य नहीं बोलना, न दूसरों से बुलवाना और न असत्यभाषी की अनुमोदना करना, सत्य महाव्रत है। सज्जन पुरुष सत्य पर न चल सकें, लेकिन सत्य को कहने से नहीं चूकते। सत्य-भाषण सज्जन पुरुष की पहचान है। जो हितकारी वचन हैं, वही सत्य वचन हैं। जो किसी का अहित करें, वे असत्य ही हैं। शस्त्र का घाव तो समय पाकर भर जाता है, परन्तु कटु वचनों का घाव हमेशा हरा रहता है। सत्यप्रिय सज्जनों का सभी सम्मान करते हैं। बोलो तो हित ,मित, प्रिय वचन बोलो। सीमित बोलो, काम का बोलो। वहीं बोलो जिससे यश, धर्म की वृद्धि हो। जिससे जीवों की रक्षा हो, जिससे जीवों का कल्याण हो, वही बोलना चाहिए। जगत के संकटों से रक्षा करना है, तो मौन धारण करो। बोलना एक कला है, परन्तु मौन रहना एक महाकला है। मौनधारी को ही वचनासिद्धि होती है। सत्यवादी अहिंसक होता है। सत्य को जानो, क्योंकि सत्यार्थ को जाने बिना सत्य-जीवन कैसे जियोगे । स्व-पर हितकारी वचन ही श्रेष्ठ हैं। पर के घातक वचन असत्य ही होते हैं। प्रिय होने पर सत्य हो, ये जरूरी नहीं है, पर जो सत्य होता वह प्रिय ही होता है। किसी के प्राण संकट में पड़ जायें, वह सत्य होकर भी असत्य ही है। सत्य ही श्रेष्ठ है, सत्य ही सुन्दर है। सत्य का जीवन ही अनुकरणीय, स्तुत्य होता है। सत्य ही की विजय है। जहाँ सत्य होता है, वहाँ प्रशंसा स्वयमेव मिल जाती है। सत्य स्वयमेव ही प्रचारित हो जाता है। उक्त जानकारी सजल जैन ने दी।

# पेंशनर्स ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन



**दमोह।** मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज जिला दमोह एवं तहसील दमोह इकाई के आवाहन पर वीरांगना दुर्गावती संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन दमोह में विभिन्न पेंशनर एवं कर्मचारी संघटनो के अध्यक्षों एवं सदस्यों ने एकत्र होकर पेंशनर्स की हो रही उपेक्षा के लिए प्रथम चरण में शंखनाद कर ,झालर बजा कर आंदोलन की शुरुआत की एवं मुख्यमंत्री महोदय के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। प्रमुख वक्ता ठाकुर उमराव सिंह पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक , के सी जैन कार्यकारणी सदस्य, आर के मिश्रा अध्यक्ष पेंशनर्स समाज द्वारा शासन ,प्रशासन द्वारा निरंतर पेंशनरों के प्रति हो रही उपेक्षा जैसे राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6)कीआड में समय पर राहत नहीं देना, मान0 उच्चतम न्यायालय तक पेंशनरों को जाने मजबूर करना और निर्णय हो जाने पर सभी को लाभ न दिया जाना जबकि मान0 उच्चतम न्यायालय का निर्णय कोई पार्टी हो या न हो सभी के लिए बाध्यकारी होता हे, करोना काल में ट्रेनों में वरिष्ठ नागरिकों को किराए में 50% छूट को पुनः लागू न किया जाना। साथ ही यदि घोषणा की कि यदि इनका निराकरण नहीं होता है तो मध्य प्रदेश/ दमोह के पेंशनरों को मजबूरन धरना ,प्रदर्शन,जागरूकता रैली, भोपाल में विधान सभा का घेराव, क्रमिक अनशन,आमरण अनशन आदि जैसे कदम उठने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। आंदोलन के प्रथम चरण में उमराव सिं पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक पेंशनर्स समाज, स्वामी अशोक तिवारी पूर्व अध्यक्ष तृतीय श्रेणी एवं संरक्षक पेंशनर्स समाज , के एल राय,भारत लाल दुबे संरक्षक, कार्यवाहक अध्यक्ष एवं अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोरचा अध्यक्ष श्री एम एल सरैयाश्री के सी जैन कार्यकारणी सदस्य, ललित चौबे महामंत्री , सुरेन्द्र चौबे, पी एल शर्मा, पी एन अहिरवार , एस डी प्रधान, नन्हे भाई पटेल दमोह तहसील अध्यक्ष, एम पी मिश्रा पुलिस संघ एवं उपाध्यक्ष बड़ी देवी मंदिर आदि अनेक वरिष्ठ पेंशनर एवं श्री बड़कुल जिला अध्यक्ष,लिपिक संघ पदाधिकारी सदस्य आदि की उपस्थित रही।अंत में श्री के एल राय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

## मुनि श्री तरुण सागर जी के सातवें समाधि दिवस पर किये पौधारोपण



**झलौन।** झलौन ग्राम में परम पूज्य क्रांतिकारी राष्ट्र संत मुनिश्री तरुणसागर जी महाराज के सातवें समाधि दिवस के अवसर पर 1 सितंबर 2025 को पौधारोपण कार्य संपन्न किया गया। यह पौधारोपण तरुण प्रभावना फाउंडेशन एवं नवभारत किसान सेवा केंद्र के कार्यकर्ताओं की ओर से संपन्न किया गया। तरुण प्रभावना फाउंडेशन जो कि जीव दया एवं सोशल वर्क के क्षेत्र में कार्यरत है के द्वारा यह वृक्षारोपण प्रकृति की ओर बढ़ाया गया। एक और कम है एवं यह संदेश भी है कि आने वाली नहीं नई पीढ़ी भी प्रकृति की ओर कदम बढ़ाते हुए वृक्षारोपण करें। इसी मुहिम के साथ फाउंडेशन नई पीढ़ी को आवाहन करता है कि साथ मिलकर प्रकृति एवं जीव दया के क्षेत्र में काम करें।

# प्रधानाध्यापक के सेवानिवृत होने पर राज्यमंत्री ने दी विदाई, कार्यों को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा





शासकीय माध्यमिक शाला कोंरता में प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थ शिक्षक देवी प्रसाद शर्मा के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सम्मिलित होकर विदाई दी और प्रधानाध्यापक के कार्यों को जमकर सराहा। शासकीय माध्यमिक शाला कोंरता में आयोजित किए गए विदाई समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री श्री लोधी सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा माता सरस्वती जी का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके पश्चात ग्राम की बालिकाओं द्वारा प्रधानाध्यापक के सम्मान में बधाई नृत्य गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जन समुदाय को भावविभोर कर दिया।

इस दौरान जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने एक शिक्षक के रूप में 43 वर्ष तक सेवाएं देने वाले प्रधानाध्यापक देवी प्रसाद शर्मा का सम्मान करते हुए कहा कि मेरे पिताजी भी एक शिक्षक रहे हैं इसलिए शिक्षक के प्रति मेरे मन में हमेशा से सम्मान रहा है और आज इस विदाई समारोह में शिक्षक समुदाय के साथ सभी ग्राम वासियों की उपस्थिति यह बता रही है कि शिक्षक शर्मा जी ने एक शिक्षक के रूप में सराहनीय सेवाएं दी हैं। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि आप सेवा निवृत्त नहीं हो रहे है बल्कि एक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं एक शिक्षक शिक्षण कार्य से भले ही निवृत्त हो जाए लेकिन अपने ज्ञान से समाज को एक नई दिशा देने और जरूरतमंद भटके हुए को राह दिखाने का कार्य हमेशा करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक देवी प्रसाद शर्मा जी ने मेरे पिताजी के साथ एक शिक्षक के रूप में कार्य किया है और अब भाजपा परिवार में सम्मिलित होकर मेरे साथ भी काम करेंगे मुझे ऐसा विश्वास है और आपके उज्जवल भविष्य की कामना हम ईश्वर से करते हैं। सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने कहा कि शिक्षक देवी प्रसाद शर्मा एक निष्ठावान और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित शिक्षक रहे हैं और हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आग्रह करते हैं कि आप भगवा रंग थामते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आए और समाज को मार्गदर्शन देने का कार्य करें। कार्यक्रम को शिक्षक संघ संभागीय अध्यक्ष प्रवेंद्र जैन, जिला अध्यक्ष कमलेश सेन, प्राचार्य जवाहर प्रधान, प्राचार्य रामकिंकर शर्मा सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित करते हुए प्रधान अध्यापक देवी प्रसाद शर्मा के कार्यकाल को जमकर सराहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष रविशंकर बाजपेई, राजेश सिंघई, महामंत्री रानू नामदेव, उमेश कुमार अवस्थी, प्रदीप सिंघई, भगवत तिवारी, अनिल कुमार सोनी, शैलेंद्र जैन,उप सरपंच दिनेश राय एवं परिजनों में बैजनाथ शर्मा, अरविंद शर्मा, प्राचार्य रामकिंकर शर्मा, तुलाराम शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, चंद्रिका शर्मा, श्रीमती सावित्री शर्मा, श्रीमती सुशीला शर्मा सहित अनेकों प्रतिनिधियों शिक्षकों एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।